# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 29/07/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**United Bharat, Prayagraj, (UP)**

# आरएएफ ने हर घर तिरंगा हर्षोल्लास से मनाया



**सहसों कार्यालय**

**फाफामऊ : प्रयागराज।** बुद्धवार को आर०ए०एफ० शांतिपुरम फाफामऊ के १०१ द्रुत कार्य बल के नेतृत्व में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत १५ अगस्त तक चलने वाले केन्द्र सरकार के अभियान हर घर तिरंगा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर १०१ आर०ए०एफ० की टीम द्वारा ऐतिहासिक स्थानों पर जैसे आनंद भवन, भरद्वाज पार्क, चन्द्रशेखर आजाद पार्क व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आम जनता के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का वितरण सम्मान के साथ किया गया। इस दौरान कमाण्डेन्ट १०१ मनोज कुमार गौतम ने देश की आजादी और तिरंगे को स्वतन्त्र भारत में लहराने वालो के अदम्य साहस व प्रयासों को भी याद किया। साथ ही कमाण्डेन्ट ने हर घर तिरंगा के तहत सभी से १३ से १५ अगस्त के बीच तिरंगा फहराने की अपील की। साथ ही समस्त नागरिकों को नए फ्लैग कोड की जानकारी दी गयी। जिसके तहत अब राष्ट्रीय ध्वज रात्रि के समय भी फहराया जा सकता है। इस मौके पर द्विकअधि प्रेम जीत कुमार, द्विकअधि नरेन्द्र कुमार, उकमा विनोद कुमार, उकमा बृजेश कुमार, उकमा मुकेश कुमार, उकमा प्रदीप कुमार, उकमा टीएन सिंह, उकमा प्रदीप कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में स्थापना दिवस मनाया गया

**थरवई : प्रयागराज।** सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पड़िला में ८३ वा स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस इस दौरान सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर के डीआईजी प्रभाकर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बताया कि अदम्य साहस और अपने शौर्य से सीआरपीएफ ने न सिर्फ देश की सुरक्षा की बल्कि वीरता का एक गौरवशाली इतिहास भी बनाया है। राष्ट्र सेवा समर्पण की भावना से सदैव काम किया जा रहा है। सीआरपीएफ देश के सबसे पुराने बलों में से एक है। इसका गठन १९३९ में हुआ था, इस बल का पहले नाम क्रॉउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में किया गया था। वर्ष १९४९ में संसद द्वारा अधिनियम पारित करके इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल रखा गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के पास देश के आंतरिक सुरक्षा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसका बखूबी निर्वहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रथम बटालियन मध्यप्रदेश के नीमच २७ जुलाई १९३९ में गठन किया गया था। वर्तमान समय में २४६ बटालियन देश के विभिन्न हिस्सों में नक्सलवाद व आतंकवाद का डटकर मुकाबला करते हुए देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ के कर्मी अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। इस मौके पर उप कमांडेंट प्रगैस अटल, सहायक कमांडेंट विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

Jagat Kranti, Jaipur, (RAJ)

# द्रुत कार्य बल ने किया राष्ट्रिय ध्वज वितरण



जगत क्रान्ति

जयपुर। 83 वाहिनी द्रुत कार्य बल, लालवास जयपुर ने भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे ‣ आज़ादी के अमृत महोत्सव‣ के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान को आगे बढ़ाते हुए श्री सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी के मार्गदर्शन में जयपुर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थल अल्बर्ट हॉल म्यूजियम, हवा महल, आमेर पैलेस, जल महल, स्टेप अहेड स्कूल, पंकज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जा कर आमजन को राषट्रिय ध्वज वितरण किये गये। इस अवसर पर श्री राजू लाल मीणा उप कमांडेंट एवम श्री श्रवण लाल मीणा सहायक कमान्डेंट ने आम जन को विभिन्न स्थलों पर ध्वज वितरण के दौरान बताया की 15 अगस्त 2022 को देश आजादी की 75 वर्षगांठ मनायेगा ‣ जिसके लिए भारत सरकार द्वारा 75 सप्ताह पूर्व आज़ादी का अमृत महोत्सव का आगाज किया गया‣ इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन भागीदारी के माध्यम से 13-15 अगस्त तक सभी घरों में राषट्रिय ध्वेअज फहराना है ‣ इस प्रयास में सरकारी और निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे तीन दिन तक 100 करोड़ से ज्यादा लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान श्री राजू लाल मीणा, उप कमांडेंट के साथ श्री श्रवण लाल मीणा, सहा0 कमा0, वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं आमजन उपस्थित रहे।

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

# आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ का महत्वपूर्ण योगदान : निशित कुमार

- सीआरपीएफ स्थापना दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि
- वॉलीबॉल मैच का आयोजन विजेताओं को मिला उपहार



प्रतिनिधि, नरवा

आंतरिक सुरक्षा के लिये भारत का प्रमुख केंद्रीय बल सीआरपीएफ व अरएएफ है. यह बातें बुधवार को आरएएफ 106 बटालियन परिसर में सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) 106 बीएन के कमांडेंट निशित कुमार ने कहीं. उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना देश आजाद होने के पूर्व 1939 में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस बल के रूप में गठन हुआ था. जिसे आजादी के बाद 28 दिसंबर 1949 में बल का नाम बदलकर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल किया गया. वहीं, सीआरपीएफ की स्पेशल विंग रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) है. रैफ का देशभर में 247 बटालिन यानी सवा तीन लाख बल है, जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये हमेशा तैनात रहती है. वहीं, पूर्वाह्न 10 बजे शहीदों के बलिदान, पराक्रम व सम्मान में उन्हें याद किया गया और श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. 10.15 पूर्वाह्न क्वार्टर गार्ड पर कमांडेंट निशित कुमार ने सलामी ली. वहीं, शाम को अंतर कंपनी वॉलीबॉल मैच का आयोजन हुआ. विजेताओं को ट्रॉफियां व उपहार दिये गये. बड़ा खाना के आयोजन के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ.

Sachchi Report, Jaipur, (RAJ)

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने मनाया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का 84 वा स्थापना दिवस




**सच्ची रिपोर्ट- आमेर**

**आमेर।** राजधानी जयपुर के लालवास स्थित रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 84वॉं स्थापना दिवस प्रवीण कुमार सिंह कमान्डेंट के मार्गदर्शन में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी ने बटालियन शहीद स्मारक पर जाकर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं बटालियन क्वाटर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी ने बटालियन के सभी कार्मिकों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सुनेहर इतिहास को याद करते हुए जवानों के अद्यम्य साहस, देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की एवं साथ ही जवानों को देश में कानून व्यवस्था को बनाये रखने में दुर्ग कार्य बल के द्वारा की जा रही ड्यूटियों एवं कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार से ड्यूटी का निर्वहन करने का आग्रह किया। साथ ही भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने तथा देश की सेवा के लिये हर समय तैयार रहने के लिये प्रेरित किया।

बटालियन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कैम्प परिसर में पौधारोपण क्रार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी अधिकारीयों ने भिन्न-भिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये। इसके अलावा अन्तर समवाय वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता टीम एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।इस अवसर पर सुरेश सिंह पायल, द्वितीय कमान अधिकारी के साथ बटालियन के सभी राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

**Amar Ujala, Prayagraj, (UP)**


# पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह में किया गया पौधरोपण



**फाफामऊ।** आरएएफ की ओर से पर्यावरण सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया गया। जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को लेहरा गांव में सड़क की दोनों पटरियों पर पौध रोपण किया गया। इस मौके पर छायादार एवं जंगली पौधे लगाए गए। इस मौके पर कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने स्थानीय लोगों से पौधे की सुरक्षा की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हमें पौधों की कटान रोकने के साथ ही पौध रोपण करना आवश्यक है। पौध रोपण कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी प्रेमजीत कुमार एवं नरेंद्र कुमार, उप कमांडेंट विनोद कुमार, बृजेश कुमार दूबे, मुकेश कुमार पांडेय, प्रदीप कुमार पाठक, टीएन सिंह, प्रदीप कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान हरषू प्रसाद मिश्र आदि शामिल हुए। संवाद

Danik Jagran, Bawana, (DELHI)

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का स्थापना दिवस मना



बवाना मे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 84वें स्थापना दिवस समारोह में सलामी देते जवान • सौ.: केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, बवाना

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली** : बवाना स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के परिसर में बुधवार को 84वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर 194 बटालियन द्रुत कार्य बल के विशेष गार्ड के जवानों ने सलामी दी। कार्यक्रम में मौजूद द्वितीय कमान अधिकारी मनोरंजन कुमार ने कहा कि बल के 84वां स्थापना दिवस हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

# Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF





**101RAF DISTRIBUTED NATIONAL FLAGS UNDER "HAR GHAR TIRANGA" PROGRAMME, ALLAHABAD, (UP)**

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**